**संरक्षक/पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ**
**श्री राजेश मोहन**

**अध्यक्ष/पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ**
**श्री मनीष कुमार सिन्हा**

**उपाध्यक्ष/पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ**
**श्री बिक्रम सिंह गिल**

**मानद महासचिव/पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ**
**श्री प्रमोद कुमार**

| मानद संयुक्त सचिव-I | मानद संयुक्त सचिव-II | वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| श्री निशांत शर्मा | श्री साहिल गोयल | श्रीमति मोनिका | श्री रघुवीर सिंह |

**सहायक क्रीड़ा सचिव**

| श्री गुरप्रीत सिंह | श्री कुलदीप कौशिक | श्री रविंदर सिंह |
|---|---|---|

पी.एल.डब्ल्यू. की एक समृद्ध खेल संस्कृति है और यह अपने कर्मचारियों और उनके बच्चों के बीच खेलों के प्रति बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। श्री राजेश मोहन, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं संरक्षक/पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ, श्री मनीष कुमार सिन्हा, अध्यक्ष एवं श्री. प्रमोद कुमार इसके महासचिव हैं।

**पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ की गतिविधियां :**

- पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ रेलवे खेलकूद विकास बोर्ड के माध्यम से पी.एल.डब्ल्यू. में खेलों का आयोजन करता है।
- पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेलों के अंतर विभागीय टूर्नामेंट का आयोजन करता है।
- पी.एल.डब्ल्यू. खेलकूद संघ खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण व उसका रख-रखाव करता है।

**वर्तमान में सक्रिय खिलाड़ी :**

| क्रम सं | खेल | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | एथलेटिक्स | 08 |
| 2 | बॉक्सिंग | 02 |
| 3 | गोल्फ | 01 |
| 4 | तीरंदाजी और निशानेबाजी | 01 |
| 5 | कबड्डी | 09 |
| 6 | बास्केटबाल | 08 |
| 7 | क्रिकेट | 02 |

**आधारिक संरचना :**

पी.एल.डब्ल्यू. के पास एक हरा-भरा स्टेडियम है जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं हैं। इसके साथ ही पी.एल.डब्ल्यू. के पास अपना एक गोल्फ (09 होल) कोर्स भी है।
कर्मचारियों के स्वास्थ्य और पैदल चलने के आराम को बढ़ावा देने के लिए पी.एल.डब्ल्यू. स्टेडियम में एक नए पैदल पथ भी उपलब्ध है।

आधुनिक खेल अवसंरचना को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में एक अत्याधुनिक और पूरी तरह से सुसज्जित बॉक्सिंग हॉल का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही पी.एल.डब्ल्यू. के पास एक सबसे उन्नत और अच्छी तरह से सुसज्जित आधुनिक व्यायामशाला भी उपलब्ध है जिसमें हमारे खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए कार्डियक और मस्कुलर फिटनेस के लिए सभी शारीरिक फिटनेस सुविधाएं मौजूद हैं। पी.एल.डब्ल्यू. परिसर में एक सिंथेटिक लॉन-टेनिस कोर्ट भी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेल शिविरों और टूर्नामेंटों के दौरान खिलाड़ियों के रहने के लिए दो खेल छात्रावास की भी व्यवस्था की गई है। पीएलडबल्यू परिसर में दो नए लकड़ी के बैडमिंटन कोर्ट्स का निर्माण करवाया गया है इसके साथ ही स्कवैश कोर्ट को भी अपग्रेड किया गया है।

**उपलब्धियाँ :पी.एल.डब्ल्यू. के खिलाड़ियों ने विशेष रूप से एथलेटिक्स में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है।**

- **सुश्री अन्नू रानी द्वारा चीन में आयोजित 19वे एशियन खेलों-2023 में महिला भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।**
- **सुश्री प्राची द्वारा 19वे एशियन खेलों-2023, चीन में 4x400मीटर महिला रिले की दौड़ में रजत पदक हासिल किया।**
- **श्रीमति मनप्रीत कौर ने 19वे एशियन खेलों-2023, चीन में महिला शॉट-पुट प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया।**
- **श्री एकनाथ संभाजी तुरंबेकर (वाकर) ने मस्कट में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स रेस वॉकिंग टीम चैंपियनशिप -2022 में 35 किमी वॉकिंग इवेंट में 2:45:17 सेकेंड के समय के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।**
- **सुश्री कमलप्रीत कौर ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में महिला डिस्कस थ्रो में भारत का प्रतिनिधित्व किया जहाँ उन्होंने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और छटा स्थान हासिल किया।**
- **श्री अंकित द्वारा 77वीं अखिल भारतीय रेलवे बॉक्सिंग टूर्नामेंट-2023-24 में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बॉक्सिंग खिलाड़ी घोषित किए गए।**
- **सुश्री किरण द्वारा 88वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स टूर्नामेंट-2023-24 में 400मी. में स्वर्ण पदक व 200मी. महिला प्रतिस्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।**
- **सुश्री अन्नू रानी (भाला फेंक), सुश्री प्राची (4 X 400 मीटर) तथा सुश्री किरण (400 मीटर) ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया**

**उपरोक्त के अलावा, हमारे कर्मचारियों के बीच शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल श्रेणियों में अंतर विभागीय टूर्नामेंट नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। पी.एल.डब्ल्यू. की वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, हॉकी खेल में दो बार के ओलंपियन तथा अर्जुन अवार्डी श्रीमति मोनिका की देखरेख में पी.एल.डब्ल्यू. स्टेडियम में विभिन्न खेलों के भारतीय रेलवे कोचिंग कैंप आयोजित किए जाते हैं।**
**यहां हम सभी के लिए खेल जीवन का एक तरीका है और हम प्रतिभाओं को पोषित करने और कार्यबल को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| **क्रिकेट स्टेडियम** | **पी.एल.डब्ल्यू. गोल्फ कोर्स** | **आधुनिक व्यायामशाला** |

खुले में स्थापित व्यायामशाला

पी.एल.डब्ल्यू. बॉक्सिंग जंक्शन

सुश्री अन्नू रानी ने टोक्यो ओलंपिक, 2020 तथा पैरिस ओलंपिक, 2024 में भाग लिया

सुश्री कमलप्रीत टोक्यो ने ओलंपिक, 2020 में भाग लिया

सुश्री किरण ने पैरिस ओलंपिक, 2024 में भाग लिया

सुश्री प्राची पैरिस ओलंपिक, 2024 में भाग लिया